Roll No. ……………………..

# DPHCN–07

## Public Health Related National and International Programmes

(जन स्वास्थ्य सम्बन्धी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम)

Diploma in Public Health and Community Nutrition (DPHCN–10/16)

Second Semester, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 40**

नोट : यह प्रश्न पत्र चालीस (40) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख', तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों का चयन करना है।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े नौ ($9\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. राष्ट्रीय स्तर में रोजगार सृजन कार्यक्रमों पर विस्तृत टिप्पणी लिखिए।

2. विश्व खाद्य कार्यक्रम के उद्देश्यों की व्याख्या करते हुए इनके द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर किये जा रहे विभिन्न कार्यों का उल्लेख कीजिए।
3. उत्तराखण्ड में भविष्य में शुरू की जाने वाली विभिन्न स्वास्थ्य एवं पोषण योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक लिखिए।
4. गैर-सरकारी संस्था "सुकृपा" और "महिला कार्य व स्वास्थ्य पहल" के कार्यों का उल्लेख कीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार (04) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर टिप्पणियाँ लिखिए :

1. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन
2. राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना
3. 'प्रयास' संस्था के उद्देश्य और कार्य
4. विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्य और भारत में गतिविधि क्षेत्र
5. 108 आपातकालीन सेवा और आरोग्य रथ
6. "प्रेरणा" संगठन के उद्देश्य और कार्य
7. उत्तराखण्ड राज्य में केन्द्र पोषित स्वास्थ्य सेवाएँ
8. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के उद्देश्य एवं भारत में कार्यक्षेत्र

## खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा ($\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सत्य/असत्य बताइये :

1. आई. सी. डी. एस. का लक्ष्य जन्म से तीन वर्ष तक बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है।
2. किशोरी शक्ति योजना में 11 से 18 वर्ष की बालिकाओं हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षण देने का भी प्रावधान है।
3. मिड-डे-मील कार्यक्रम का प्रयोग मद्रास के मुख्यमन्त्री द्वारा शुरू किया गया।
4. खाद्य एवं कृषि संगठन की स्थापना 16 अक्टूबर, 1848 को क्यूबेक शहर, कनाडा में हुई थी।
5. विश्व बैंक का मुख्यालय वाशिंगटन में है।

रिक्त स्थान भरिये :

6. उत्तराखण्ड को वर्ष 2002 में .................. प्रदेश घोषित किया गया।
7. विश्व खाद्य कार्यक्रम का मुख्यालय .................. में है।
8. SAARC (सार्क) का पूर्ण रूप .................. है।
9. महिला डेरी योजना .................. विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाती है।
10. .................. में बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े नियमित परीक्षण का विवरण भी लिखा जाता है।